**मुकदमा संख्या ____________________**

| | | |
|---|---|---|
| **टेक्सस राज्य** | § | **FORT BEND COUNTY, TEXAS** |
| | § | |
| **बनाम** | § | **(फ़ोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस) के** |
| | § | |
| ______________________________________ | § | **द काउंटी कोर्ट ऐट लॉं नंबर _________ में** |

# ग़ैर-संगीन (मिस्डिमीनर) अपराध में प्ली ऑफ़ ट्रू (उल्लंघन की स्वीकृति की याचिका)
# MISDEMEANOR PLEA OF TRUE

**अपराध, दंड का दायरा, समझौता याचिका (प्ली बार्गेन)** पेश है प्रतिवादी, याचिका दायर करने से पहले कोर्ट को यहाँ निम्न प्रस्तुत करता है: मैं मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ और योग्य हूँ और राज्य सरकार के कम्यूनिटी सुपरविज़न निरस्त करने/ दोषी ठहराने के प्रस्ताव में शामिल आरोपों को समझता/समझती हूँ, जिनकी सज़ा जुर्माना भरना है, जो $ _______________ से अधिक नहीं हो सकता, और/ या फ़ोर्ट बेंड काउंटी जेल की कैद है, जो ________________________ दिन/महीने से अधिक नहीं हो सकती।

**अधिकारों की अभिस्वीकृति।** मैं समझता/समझती हूँ कि मेरे पास ये अधिकार हैं: प्रोबेशन निरस्त करने या फ़ैसला सुनाने के राज्य सरकार के प्रस्ताव पर सुनवाई का अधिकार; मेरी तरफ़ से गवाही देने के लिए गवाहों पर दबाव डालने का अधिकार; मुझ पर आरोप लगाने वालों का विरोध करने और उनसे जिरह करने का अधिकार; अभियोग पत्र और मुझ पर लगे आरोप भरी अदालत में पढ़कर सुनाए जाने का अधिकार; चुप रहने का अधिकार, क्योंकि मैं जो कुछ भी बोलूँगा/बोलूँगी उसका मेरे ख़िलाफ़ इस्तेमाल किया जा सकता है; और मेरे एटॉर्नी के नियुक्त होने के बाद, प्ली ऑफ़ट्रू दायर करने से पहले दस (10) दिन का वक्त पाने का अधिकार।

**अपील का सीमित अधिकार। प्रत्यक्ष और अतिरिक्त परिणाम।** मैं समझता/समझती हूँ, कि प्ली ऑफ़ट्रू की स्थिति में, कोर्ट बिना किसी साक्ष्य के दंड का निर्धारण कर सकता है; और यह भी कि अगर कोर्ट दंड निर्धारित करने में सहमति से तय करके दिए गए अनुरोध की सीमा पार नहीं करता है, तो मेरी सज़ा के ख़िलाफ़ अपील करने का मेरा अधिकार सिर्फ़ उन मुद्दों तक सीमित रहेगा जिन पर ट्रायल से पहले फ़ैसला सुनाया गया हो और जो लिखित कार्रवाई द्वारा उठाए गए हों, जब तक कि कोर्ट अन्य मुद्दे उठाने की अनुमति नहीं दे देता; जैसा कि पहले बताया गया है, अगर मैं इस "अपील के सीमित अधिकार" का उपयोग करना चाहूँ, तो किसी एटॉर्नी द्वारा अपना प्रतिनिधित्व करवाने का मुझे अधिकार है और यदि मैं अपनी याचिका दर्ज करने (रिकॉर्ड ऑफ़ अपील) या एटॉर्नी नियुक्त करने में आर्थिक रूप से असमर्थ हूँ, तो मेरा प्रतिनिधित्व करने के लिए कोर्ट एक एटॉर्नी नियुक्त करेगा, जो अपील के दौरान मेरा पक्ष रखेगा; यह भी कि "अपील के सीमित अधिकार" का उपयोग करने के लिए मेरे पास तीस (30) दिन का समय है; यह भी कि यदि मैं दोषी पाया जाता/जाती हूँ, तो किसी दूसरे मामले में दोषी पाए जाने पर इस मामले का इस्तेमाल करके मेरी सज़ा बढ़ाई जा सकती है; और यदि लागू हो, तो ड्राइव करने का मेरा अधिकार रद्द या निलंबित किया जा सकता है, वापस लिया जा सकता है; या प्रदान किए जाने से इनकार किया जा सकता है।

**प्रतिनिधित्व।** मैंने अपने एटॉर्नी के साथ, इस मामले को लेकर पूरी तरह से विचार-विमर्श कर लिया है और उन्होंने मुझे संतोषजनक तरीके से सारे सवालों के जवाब दिए हैं।

**दावे का परित्याग।** अपने अधिकारों को पूरी तरह से जानते हुए, मैं जानते-बूझते और स्वैच्छिक रूप से ऊपर लिखित अपने तमाम अधिकारों का परित्याग करता/करती हूँ, और राज्य सरकार के प्रोबेशन निरस्त करने और फ़ैसला सुनाने के प्रस्ताव में लगाए गए आरोपों के लिए **ट्रू** प्लीड करना (स्वीकार करना) चाहता/चाहती हूँ।

**याचिका।** मैं भरी अदालत में, जानते-बूझते और स्वेच्छा से राज्य सरकार के प्रस्ताव में लगाए गए आरोपों के लिए अपनी प्ली **ऑफ़ट्रू** दाखिल करता/करती हूँ और कोर्ट से आग्रह करता/करती हूँ कि अभियोजक के साथ हुए मेरे याचिका समझौते (प्ली अग्रीमेंट) के आधार पर तत्काल इस केस पर अपना फ़ैसला सुनाएँ। मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि अगर न्यायाधीश समझौता याचिका (प्ली बार्गेन) को नहीं मानते, तो मैं अपनी प्ली/याचिका वापस ले सकता हूँ। राज्य सरकार द्वारा प्रोबेशन निरस्त करने या फ़ैसला सुनाने के लिए इस केस में फ़ाइल किए गए प्रस्ताव में जो उल्लंघन उल्लेखित हैं, मैं उन सभी को स्वीकार करता/करती हूँ और यह भी स्वीकार करता/करती हूँ कि राज्य सरकार की याचिका में उल्लेखित सारी बातें सच हैं। मैं कोर्ट द्वारा मुझे दी गई सभी चेतावनियों और मेरी याचिका के परिणामों को समझता/समझती हूँ।

________________________________________ ____________________

प्रतिवादी के हस्ताक्षर तारीख़

इस दस्तावेज़ का अंग्रेजी से _______________________ में शब्दशः अनुवाद किया गया।

द्वारा:___________________________________ ____________________________________

अनुवादक का पूरा नाम (कृपया नाम लिखें) अनुवादक के हस्ताक्षर

**वकील की अभिस्वीकृति।** मैंने प्रतिवादी के साथ परामर्श किया है, और मैं मानता हूँ कि वह योग्य है और मैंने उसे यहाँ दिए गए सब मुद्दों के बारे में सब कुछ अच्छी तरह से समझा दिया है, और इसमें आव्रजन संबंधी परिणाम भी शामिल हैं, यदि लागू होते हैं तो।

☐ **नियुक्त वकील के रूप में।** मैं पुष्टि करता हूँ कि मैंने अनुच्छेद 26.04 (j) कोड ऑफ़ क्रिमिनल प्रोसीजर के तहत अपने कर्तव्यों को पूरा किया, और अदालत से अनुरोध करता हूँ कि इस कार्यवाही के खत्म होने पर मुझे एटॉर्नी ऑफ़ रिकॉर्ड की पोज़ीशन से हटने की अनुमति दी जाए।

_________________________________ ____________________________________

वकील का नाम (कृपया लिखें) प्रतिवादी के वकील के हस्ताक्षर/तारीख़

**अभियोजक की सहमति और सुनवाई के परित्याग का अनुमोदन** टेक्सस राज्य की ओर से, मैं अधोहस्ताक्षरी असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट एटॉर्नी, राज्य सरकार के प्रोबेशन निरस्त करने या फ़ैसला सुनाने के प्रस्ताव पर सुनवाई के, प्रतिवादी के परित्याग पर स्वीकृति देता/देती हूँ, इससे सहमत हूँ,और इसका अनुमोदन करता/करती हूँ।

___________________________________ ____________________________________

असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट एटॉर्नी, फ़ोर्ट बेंड काउंटी तारीख़

उक्त प्रतिवादी द्वारा ______________, 20___ के इस _______ दिन, मेरे सामने शपथ ली गई और हस्ताक्षर किए गए।

द्वारा:__________________________________

डेप्युटी क्लर्क, फ़ोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस

**योग्यता के बारे में निष्कर्ष।** प्रतिवादी के व्यवहार और जवाबों के आधार पर कोर्ट ने **पाया** कि प्रतिवादी योग्य है और जानते-बूझते, समझदारी से और स्वेच्छा से उपर्युक्त अधिकारों का परित्याग कर रहा/रही है; और जानते-बूझते, समझदारी से और स्वेच्छा से यह याचिका दाखिल कर रहा/रही है।

**बंदूक या गोला-बारूद रखने का अधिकार, नागरिकता, आव्रजन संबंधी परिणाम।** मैंने प्रतिवादी को आरोपों की प्रकृति, और प्ली **ऑफ़ ट्रू** के नतीजों और अधिकारों के बारे में सूचित कर दिया है; जिसमें यह भी शामिल है: अगर अपराध में पारिवारिक हिंसा, टेक्सस फैमिली कोड, सेक्शन 71.004 में दी गई इस शब्द/टर्म की परिभाषा के अनुसार, शामिल है, तो सेक्शन 46. 04(b), टेक्सस पीनल कोड या 18 USC धारा 922 (g) (9) के अंतर्गत संघीय कानून के अनुसार, अपने पास बंदूक रखना या बंदूक खरीदना प्रतिवादी के लिए गैरकानूनी होगा और इसमें पिस्तौल, लॉन्ग गन (लंबी नाल वाली बंदूक) या गोला-बारूद भी शामिल है।

☐ प्रतिवादी ने मुझे सूचित किया है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका का/की नागरिक है।

☐ प्रतिवादी ने मुझे सूचित किया है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका का/की नागरिक नहीं है और मैंने प्रतिवादी को चेतावनी दी है कि अपराध का जो आरोप लगा है, उसके लिए दोष स्वीकार करने/नोलो कॉन्टेंडरे (आरोप स्वीकार या अस्वीकार किए बिना सज़ा स्वीकार करना) की याचिका का परिणाम संघीय कानून के तहत नागरिकता देने से इनकार किया जाना, इस देश में आने पर रोक लगना या निर्वासन हो सकता है। प्रतिवादी और वकील ने संलग्न की ग□ "गिल्टी (दोषी)/ट्रू प्ली के आव्रजन संबंधी नतीजों की अभिस्वीकृति" प्राप्त कर ली है, उसकी समीक्षा कर ली है और उस पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। टेक्सस कोड ऑफ़ क्रिमिनल प्रोसीजर के अनुसार, यह कोर्ट Fort Bend County Sheriff's Office (फ़ोर्ट बेंड काउंटी के शेरिफ़्फ़ के कार्यालय) और/या Fort Bend County Community Service and Corrections Department (फोर्ट बेंड काउंटी कम्यूनिटी सुपरविज़न एण्ड करेक्शंस डिपाट्र्मन्ट) को **आदेश देता है** कि अगर प्रतिवादी की दलील/प्ली टेक्सस कोड ऑफ़ क्रिमिनल प्रोसीजर की धारा 2.25 के अंतर्गत आती हो, तो वे प्रतिवादी के बारे में उचित संघीय अधिकारियों को सूचित करें।

**याचिका की स्वीकृति**

☐ कोर्ट ने **पाया** कि सजा देने के विवेक के सार्थक इस्तेमाल के लिए रिकॉर्ड में पर्याप्त जानकारी मौजूद है और प्रतिवादी का आग्रह है कि प्रीसेंटेंस इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट न बनाई जाए और कोर्ट इस आग्रह को स्वीकार करता है।

☐ कोर्ट, **यह पाने पर** कि वकील नियुक्त किया गया है, टेक्सस दंड प्रक्रिया संहिता आर्टिकल 26.04(j) के अनुसार, वकील के वापसी के प्रस्ताव को **स्वीकार करता है** और फ़ोर्ट बेंड काउंटी क्लर्क को वकील के प्रस्ताव और कोर्ट के आदेश को ओडिसी में दर्ज करने का **आदेश देता है।**

______________________________ ____________________

पीठासीन न्यायाधीश | हस्ताक्षर करने की तारीख़